Statement

Comparative Statement of CIF Value of Import of Bulk Drugs, Formulations and Intermediates

(Rs. in crores)

Year	Number of Consignments Imported	Bulk Drugs	Formulations	Intermediates	Total
1987-88	23439	223.44	31.32	50.72	305.48
1990-91	20310	322.57	84.94	176.70	584.21
1991-92	18265	458.51	96.12	243.75	798.38

उर्वरकों पर दी जाने वाली राज सहायता को कम किया जाना

396. **श्री दिग्विजय सिंह:**
श्री अनन्तराम जायसवाल:
श्री सत्य प्रकाश मालवीय:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या खाद पर राज सहायता में कमी कर देने के बाद खाद के दामों में भारी गिरावट आयी है जिसका असर उत्पादन पर पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने खाद्य की बिक्री और उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नीति बनायी है;

(ग) क्या सरकार ने खाद पर दी जाने वाली राज सहायता को पूरी तरह से समाप्त करने का अन्तिम निर्णय ले लिया है; और

(घ) यदि हां, तो इसका देश में कृषि उत्पादन पर क्या असर पड़ेगा?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एड्रुआर्डो फेलेरियो): (क) और (ख) 25.8.1992 को फास्फेटिक एवं पोटेशिक उर्वरकों के अनियंत्रण के बाद खुले बाजार में उनकी कीमतों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी। तथापि, 25.8.1992 को यूरिया के सांविधिक उपभोक्ता मूल्य में 10% की कमी की गयी। सरकार ने उचित लागत पर फास्फेटिक उर्वरकों के अधिकतम उत्पादन को सुनिश्चित करने के लिए अनेक उपाय किये हैं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

उर्वरक उद्योग को रियायती दर पर पदार्थ की आपूर्ति

397. **श्री राम नरेश यादव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के उर्वरक उद्योगों को रियायती दरों पर किन-किन पदार्थों की आपूर्ति की जाती है;

(ख) इन उद्योगों को क्या-क्या सुविधाएं दिये जाने की संभावना है; और

(ग) पिछले वर्ष से आज तक उत्तर प्रदेश को कितनी सहायता दी गई है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एड्रुआर्डो फेलेरियो): (क) नेफथा, निम्न सल्फर हैवी स्टाक (एलएसएचएस) तथा फर्नेस तेल वे इनपुट हैं जिनकी आपूर्ति उर्वरक एककों को रियायती दरों पर की जाती है।

(ख) उर्वरक मूल्य निर्धारण के लिए संयुक्त संसदीय समिति की संस्तुतियों के आधार पर, उर्वरक उद्योग को निम्नलिखित रियायतें प्रदान की गई हैं:—

(1) फास्फोरिक एसिड, जो कि डाई-अमोनियम फास्फेट (डीएपी) के उत्पादन के लिए एक कच्चा माल है, के आयात पर 15% सीमा शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

(2) डीएपी तथा काम्पलैक्स उर्वरकों के लिए कच्चे माल तथा मध्यवर्तीयों के आयात के लिए, विदेशी मुद्रा सरकारी दरों पर उपलब्ध करायी जा रही है।

(3) नए उर्वरक संयंत्रों तथा पुराने संयंत्रों के